लखनऊ, मंगलवार
5 मार्च 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 18+4=22
www.jagran.com

दैनिक जागरण

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में आयोजित सम्मेलन में मौजूद लोग

'तकनीकी क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा देश'

जासं, लखनऊ : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में दो दिवसीय 'विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से आये हुए प्रतिभागियों द्वारा विचार व्यक्त किए गए।

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे डायरेक्टर लर्निंग सल्यूशन शबीह किदवई ने कहा, हमारा देश तेजी से तकनीकी क्षेत्र में विकसित हो रहा है। बस हम सभी को अपना अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। इस मौके पर महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. बीआर सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए उच्च स्तरीय शोध कार्यों पर चर्चा की।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज मेहरोत्रा, प्रेसीडेंट-एचआर टाटा मोटर्स लिमिटेड गजेंद्र चंदेल मौजूद रहे। समारोह के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि रहे सेवानिवृत्त आइएएस आलोक रंजन ने सकल घरेलू उत्पाद के विषय पर बोलते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाने के सुझाव दिए। इस मौके पर संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह अलग अलग क्षेत्र से जुड़े तमाम लोग मौजूद रहे।